# गन्ने का बुवाई रकबा बढ़ा



**नई दिल्ली** • चालू बुवाई सीजन में गन्ने की बुवाई बढ़कर 38.37 लाख हैक्टेयर में हो चुकी है जो पिछले साल की समान अवधि के 36.69 लाख हैक्टेयर से 1.68 लाख हैक्टेयर ज्यादा है। पिछले साल गन्ने की कुल बुवाई 47.45 लाख हैक्टेयर में हुई थी। कृषि मंत्रालय के अनुसार चालू बुवाई सीजन में तमिलनाडु में गन्ने की बुवाई 66 हजार हैक्टेयर में, महाराष्ट्र में 51 हजार हैक्टेयर में, उत्तर प्रदेश में 49 हजार हैक्टेयर में, बिहार में 21 हजार हैक्टेयर में और मध्य प्रदेश में 14 हजार हैक्टेयर में बढ़ी है। इसके अलावा उत्तराखंड, असम, आंध्र प्रदेश और पंजाब में भी गन्ने की बुवाई पिछले साल की समान अवधि के मुकाबले बढ़ी है।